been drawn to a letter published in the Tripura Times of 15th November, 1970, voicing certain demands of the Tripura public including (i) the setting up of booking and railway reservation office at Agartala, (ii) fare-concession to Tripura people especially during summer and 'puja' vacations, and (iii) ensuring proper representation to Tripura people for employment in the Railways ; and

(b) Government's reaction to these demands of the people of Tripura?

THE MINISTER OF RAILWAYS (SHRI NANDA): (a) No.

(b) Details of the demands reported to have been voiced in the letter published in the Tripura Times of 15th November 1970 are being ascertained. These will be examined and the conclusions will be placed on the table of the House.

बिना टिकट यात्रा करने वाले यात्रियों के विरुद्ध अभियान के दौरान मारे गये यात्रा टिकट निरीक्षकों के परिवारों को दिया गया मुआवजा

4610. **श्री हुकम चन्द कछवाय :**
श्री राम सिंह अयरवाल :

क्या **रेलवे** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) गत दो वर्षों में बिना टिकट यात्रियों के विरुद्ध अभियान के दौरान कितने यात्री टिकट निरीक्षक मारे गये और घायल हुए ; और

(ख) उक्त अवधि में उनके परिवारों को सरकार द्वारा मुआवजे में कितनी राशि दी गई ?

रेलवे मंत्री (श्री नन्दा): (क) और (ख). सूचना एकट्ठी की जा रही है और सभा-पटल पर रख दी जायेगी।

पश्चिम रेलवे में रेलवे दुर्घटनायें

4611. **श्री हुकम चन्द कछवाय :** क्या **रेलवे** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) गत पांच महीनों में पश्चिमी रेलवे में कितनी रेलवे दुर्घटनायें हुईं ;

(ख) इन दुर्घटनाओं के फलस्वरूप रेलवे की कितनी सम्पत्ति की हानि हुई ; और

(ग) इनके परिणामस्वरूप कितने व्यक्ति मारे गये तथा घायल हुए ?

रेलवे मंत्री (श्री नन्दा) : (क) 1-7-70 से 30-11-70 तक की अवधि में पश्चिम रेलवे पर टक्कर, पटरी से उतरने, सम-पार पर गाड़ियों के सड़क यातायात से टकराने और गाड़ियों में आग लगने की 56 दुर्घटनायें हुईं।

(ख) रेल सम्पत्ति को लगभग 2,55, 500/-रुपये मूल्य की क्षति पहुंचने का अनुमान है।

(ग) इन दुर्घटनाओं में एक व्यक्ति मारा गया और दो को चोटें आयीं।

पश्चिम रेलवे के गार्डों को समयोपरि भत्ते का समय पर भुगतान न किया जाना

4612. **श्री हुकम चन्द कछवाय :** क्या **रेलवे** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि पश्चिम रेलवे के गार्डों को समय पर समयोपरि भत्ता नहीं दिया जाता ; और

(ख) सरकार द्वारा इस स्थिति में सुधार करने के लिये क्या कार्यवाही करने का विचार है ?

रेलवे मंत्री (श्री नन्दा) : (क) और (ख). सामान्यतः समयोपरि भत्ते का भुगतान करने